।। पुलिस थाना मथानिया जोधपुर पूर्व ।।

ps.mathaniya.east.jodhpur@rajpolice.gov.in ☎02926–222124

दिनांकः– 13.02.2023

।। प्रेस नोट ।।

➢ चार लाख की ऑनलाईन धोखाधडी में अन्तर्राज्यीय गैंग का एक अभियुक्त झारखण्ड से गिरफ्तार

❖ घटना का विवरणः–दिनांक 09.01.2023 को प्रार्थी श्री सुमेर पंवार निवासी मथानिया को मोबाईल पर योनो एप पर केवाईसी अपडेट करने बाबत् मेसेज भेजकर प्रार्थी के मोबाईल फोन को रिमोट सिस्टम पर लेकर कुल 4 लाख 32 हजार 498 रूपये के ट्रांजेक्शन किये गये। जिस पर थाना से उसी समय साईबर पोर्टल व 1930 पर कॉल की जाकर कम्पलेन दर्ज करवाकर समस्त ट्रांजेक्शन फ्रिज करवाये गये तथा प्रार्थी की रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 11/2023 धारा 420,419 भादस व 66,66 सी आईटी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

❖ किया गया अनुसंधानः– प्रार्थी के साथ हुवे फ्रोड ट्रांजेक्शन आईडी के द्वारा विभिन्न बैंक खाता व क्रेडिट कार्ड में गये पैसे के संबंध में विभिन्न बैंक व क्रेडिट कार्ड के नॉडल आफिसर से विभिन्न अकाउंट व क्रेडिट कार्ड हॉल्ड करवाये जाकर डिटेल प्राप्त की गई व तकनिकी अनुसंधान किया गया। बैंक से क्रेडिट कार्ड हॉल्डर की डिटेल प्राप्त की जाकर पनालाल तुरी पुत्र श्री भास्की तुरी जाति तुरी उम्र 20 वर्ष निवासी गांधीनगर बनियाडीह पुलिस थाना मुफसिल जिला गिरिडीह झारखण्ड को दस्तयाब कर पूछताछ की जाकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के द्वारा प्रकरण हाजा में हुवे 199999 रूपये का ट्रांजेक्शन अपने क्रेडिट कार्ड में किया। अभियुक्त पनालाल से प्रकरण की घटना में प्रयुक्त क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया। प्रकरण हाजा की घटना कारित करने में अन्य मुलजिमान संलिप्त होना ज्ञात हुआ है जिनकी तलाश की जा रही है।

❖ अभियुक्तगणो द्वारा घटना कारित किया जाने का तरिका वारदातः– अभियुक्त अपने अन्य साथीयो के साथ मिलकर आम लोगो को मैसेज के जरिये लिंक भेजकर उनके मोबाईल फोन को रिमॉट सिस्टम पर लेकर क्रेडिट कार्ड का बिल भरते है तथा क्रेडिट कार्ड स्वाईप कर नगद अमाउण्ट प्राप्त करते है।

❖ टीम विवरणः–

1. राजीव भादू नि0पु0 थानाधिकारी पुलिस थाना मथानिया, जिला जोधपुर पूर्व।
2. श्री महेन्द्रकुमार उ0नि0प्रो0 पुलिस थाना मथानिया, जिला जोधपुर पूर्व।
3. श्री मंगतुराम कानि 2494 पुलिस थाना मथानिया, जिला जोधपुर पूर्व।
4. श्री बलवंतराम कानि 2830 पुलिस थाना मथानिया, जिला जोधपुर पूर्व।

सही/–
(राजीव भादू नि0पु0)
थानाधिकारी
पुलिस थाना मथानिया
जोधपुर पूर्व।